सरोकारों से साक्षात्कार

# रीजनल रिपोर्टर

पृष्ठ : 04
स्थापित : 2008
संस्थापक: स्व. बी. शंकर
04 अप्रैल 2025, शुक्रवार
संपादक: गंगा असनोड़ा: 9412079290

श्रीनगर (गढ़वाल), उत्तराखण्ड से प्रकाशित, साप्ताहिक आर.एन.आई.नं: UTTHIN/2008/24749, वर्ष: 16, अंक: 38, मूल्य: 10

## भ्रष्टाचार पर गहरी चोट की मेयर आरती भंडारी ने

### कहा- नगर आयुक्त को हटाने के बाद ही लूंगी कोई नीतिगत निर्णय

गंगा असनोड़ा

श्रीनगर गढ़वाल की नवनिर्वाचित मेयर आरती भंडारी ने अपने दर्जनों पार्षदों के साथ पत्रकार वार्ता कर नगर आयुक्त नूपुर वर्मा पर प्रशासकीय कार्यकाल के दौरान भारी अनियमितता बरतने के आरोप लगाए।

नगर निगम सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए मेयर आरती भंडारी ने कहा कि बोर्ड बैठक के दौरान पार्षद सुमित बिष्ट द्वारा तहसील के समीप राजमार्ग पर लगाए जा रहे टाइल की निर्माणदाई संस्था के बारे में जानकारी मांगी गई, तो नगर आयुक्त ने जानकारी न होने की बात कही। जबकि तीन दिन के भीतर नगर निगम से निर्माणदाई कंपनी को लाखों का भुगतान कर दिया गया।

बैकुंठ चतुर्दशी मेले से लेकर गेट निर्माण, धारी देवी क्षेत्र में हुए निर्माण, गौशाला निर्माण तथा अन्य निर्माण कार्यो व सीसीटीवी, स्ट्रीट लाइट तथा सोलर लाइट की खरीद - फरोख्त में भी भारी भ्रष्टाचार का अंदेशा जताया।



#### उठाया यह सवाल

उन्होंने सवाल उठाया कि निगम चुनाव की आचार संहिता से ठीक एक दिन पहले इस निर्माण के लिए निविदा की गई। वो भी तब, जब उक्त राजमार्ग का चौड़ीकरण होना है तथा अब उसके चौड़ीकरण के लिए सीमांकन हो था है। उन्होंने कहा कि नगर आयुक्त ने इस तरह से न सिर्फ नगर निगम की धनराशि का अपव्यय किया है, बल्कि भारी भ्रष्टाचार भी नगर निगम में उनके कार्यकाल के दौरान हुआ है।

#### स्थानीय ठेकेदारों को नहीं मिला काम

मेयर आरती भंडारी ने कहा कि इस फर्जीवाड़े के लिए स्थानीय ठेकेदारों को काम नहीं दिया गया। काम मिला, तो रुड़की, सहारनपुर और दिल्ली के ठेकेदारों को। खरीद के लिए भी यहीं की फर्मो को चयनित किया गया।

#### सफाई ठेकेदार पर भी लगाए आरोप

मेयर आरती भंडारी ने कहा कि बोर्ड बैठक में सफाई ठेकेदार की कार्यशैली पर असंतोष का प्रस्ताव होने के बावजूद नगर आयुक्त उन पर उदार बनी रहीं। आखिर सफाई ठेकेदार को इतनी ढील क्यों दी गई? ■■■

## इस दौर में सामूहिकता के आयोजन और भी जरूरी: नेगी दा

हिमांशु जोशी




पौड़ी गढ़वाल के सिरोली गाँव में आयोजित उमेश डोभाल स्मृति समारोह ने पत्रकारिता की निष्ठा और सामाजिक जिम्मेदारी को फिर से रेखांकित किया। इस मौके पर लोकगायक नरेन्द्र सिंह नेगी ने कहा कि, बदलते समाज में सामूहिकता ही हमें जिंदा रख सकती है इसलिए ऐसे आयोजन जरूरी है। समारोह में साहित्यकार महावीर रवांल्टा, कवि हर्ष काफर, कला एवं संस्कृति के रक्षक समीर शुक्ला, पौड़ी के दगड्या ग्रुप और चामी के टीनएजर्स क्लब को भी अलग-अलग श्रेणियों में सम्मानित किया गया।

#### दगड्या ग्रुप एवं चामी टीनएजर्स क्लब पुरस्कृत



दगड्या ग्रुप की ज्योति पसबोला कहती हैं कि आपसी सहयोग से कार्य करना तथा समाज में महिला एवं बाल शिक्षा पर काम करना दगड्या ग्रुप का मुख्य उद्देश्य है। वर्तमान में एकेश्वर, कल्जीखाल, ल्वाली तथा पौड़ी में दगड्या ग्रुप लाइब्रेरी चला रहा है। रक्षाबंधन पर राखियां बनाते हैं इसके बदले बच्चों की पढ़ाई का सामान सहयोग रूप में लेते हैं। उमेश डोभाल समारोह से मिले पुरस्कार की धनराशि को आठ लड़कियों की 09-12 तक की पढ़ाई के खर्च पर लगाया जाएगा।



चामी टीनएजर्स क्लब की छठीं क्लास में पढ़ने वाली नन्हीं वैष्णवी कहती हैं हमें यह पुरस्कार पाकर बहुत अच्छा लगा। हमारे क्लब के साथी रविवार को गांव के ही पास थाड़ (चौरस मैदान) में चले जाते हैं। वहां हम खूब बातें करते हैं और योग सीखते हैं। जबकि अन्य दिनों में हमारी शिक्षिका खुशी हमें पढ़ाती हैं फिर हम खेलते हैं, डांस करते हैं, जिससे हम सभी साथी आनंदित होते हैं। क्लब की संरक्षक रिंकी बिष्ट हमको कम्प्यूटर भी सिखाती हैं। ■■■

## श्रीनगर में फूलदेई पर्व का हुआ रंगारंग समापन

साक्षी कण्डारी

फूलदेई सामाजिक एवं सांस्कृतिक कला मंच श्रीनगर गढ़वाल की ओर से फूलदेई पर्व के समापन पर विद्यालय स्तरीय लोकगीत व लोकनृत्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

इस मौके पर मुख्य अतिथि पूर्व समाज कल्याण अधिकारी शकुंतला रावत ने कहा कि, विद्याथियों ने जिस तरह शानदार प्रस्तुति यहां दी, उससे लगता है कि आने वाले समय में यह आयोजन और अधिक आगे बढ़ेगा।

नृत्य प्रतियोगिता में शेम्फोर्ड फ्यूचरिस्टिक स्कूल ने प्रथम, सेंट थेरेसास ने द्वितीय तथा, रेनबो पब्लिक स्कूल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। गायन प्रतियोगिता में सेंट थेरेसास ने प्रथम, रेनबो पब्लिक स्कूल ने द्वितीय तथा शेम्फोर्ड फ्यूचरिस्टिक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।



कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक एवं विद्यार्थियों के साथ ही खंड शिक्षाधिकारी अश्विनी रावत, खेलकूद प्रतियोगिता के मुख्य संयोजक तथा स्व. लोकेश बलूनी के बड़े भाई सतीश बलूनी, अनूप बहुगुणा, प्रमोद बमराड़ा, वीरेन्द्र रतूड़ी, मुकेश काला, मनीष कोठियाल, विनीत पोस्ती, महेश गिरी, नवीन नेगी, चन्द्रमोहन बिष्ट, विपिन गौतम, प्रकाश रावत, पूनम रतूड़ी, रेखा रावत, नरेश नौटियाल, पूजा गौतम, प्रमिला भण्डारी, उज्जवल अग्रवाल, देवेन्द्र मणि मिश्रा, झाबर सिंह रावत, दिनेश असवाल आदि लोग मौजूद रहे।

## गढ़वाली भाषण प्रतियोगिता का सफल आयोजन

फूलदेई सामाजिक एवं सांस्कृतिक कला मंच श्रीनगर की ओर से इस वर्ष आयोजित की गई गढ़वाली भाषण प्रतियोगिता में बच्चों ने प्रभावी प्रस्तुतियां दी।

इस प्रतियोगिता में सेंट थेरेसास कॉन्वेंट स्कूल की अक्षिता जोशी प्रथम, भगवती मेमोरियल पब्लिक स्कूल की प्रियांजुल गिरी द्वितीय तथा रेनबो पब्लिक स्कूल के ईशान बेंजवाल तीसरे स्थान पर रहे।

**कुर्सी दौड़ बालक वर्ग**
वैभव (रेनबो पब्लिक स्कूल)
श्रेयांश (द मार्शल)
निखिल (रा.प्रा.वि.न.पालिका)

**कुर्सी दौड़ बालिका वर्ग**
खुशी (द मार्शल)
दिवांशी (स.शि.मं.श्रीनगर)
अनन्या (रेनबो पब्लिक स्कूल)

**चम्मच दौड़ बालक वर्ग**
आरव (कॉन्वेंट श्रीनगर)
आदर्श (आनन्दा इंटरनेशनल)
दिव्यांश (मास्टर माइंड)

**चम्मच दौड़ बालिका वर्ग**
मोनिका (मॉर्डन जूनियर)
दृष्टि (कॉन्वेंट श्रीनगर)
कंचन (रा.प्रा.वि.न.पालिका)

**मटका फोड़ बालक वर्ग**
रूद्रांश (कॉन्वेंट श्रीनगर)
अरुण पुंडीर (रेनबो पब्लिक)

**मटका फोड़ बालिका वर्ग**
अनिका (द मार्शल)
आरना (आनन्दा इंटरनेशनल)
खुशी (कॉन्वेंट श्रीनगर)

**जलेबी बालक वर्ग**
श्रीयश (मास्टर माइंड)
शाहिल (मॉर्डन जूनियर)
राघवेन्द्र (आनन्दा इंटरनेशनल)

**जलेबी बालिका वर्ग**
ताजगी (मॉर्डन जूनियर)
अमृता (चिल्ड्रन्स एकेडमी)
अराध्या (भगवती मेमोरियल)

**कुर्सी दौड़ बालक वर्ग**
साकार (द मार्शल)
अयांश (कॉन्वेंट स्कूल)
राघव (स्काईनेट पब्लिक स्कूल)

**कुर्सी दौड़ बालिका वर्ग**
शिवांशी (मास्टर माईड)
समृद्धि (जूनियर दिल्ली)

**बौरा दौड़ बालक वर्ग**
देवांश (रेनबो पब्लिक स्कूल)
अभय (स्काईनेट पब्लिक)
परमीत (रा.प्रा.वि.न.पालिका)

**बौरा दौड़ बालिका वर्ग**
वैष्णवी (स्काईनेट पब्लिक)
मोनिका (भगवती मेमोरियल)
मानसी (मॉर्डन जूनियर)

**निबन्ध प्रतियोगिता सीनियर**
संस्कृति काण्डपाल (भगवती मे.)
मनस्विनी थपलियाल (कॉन्वेंट)
अर्पणा नौटियाल (रा.बा.इं.कॉ.)

**निबन्ध प्रतियोगिता जूनियर**
दिव्यांशी बहुगुणा (कॉन्वेंट)
आराध्या गुंसाई (आईरिश प.)
ईशानी राणा (रेनबो पब्लिक)

**चित्रकला प्रतियोगिता सीनियर**
स्नेहल रावत (रेनबो पब्लिक)
अंशुल रावत (रेनबो पब्लिक)
आदित्य (चिल्ड्रन्स एकेडमी)

**चित्रकला प्रतियोगिता जूनियर**
स्तुति राज (रेनबो पब्लिक)
श्रीशा रावत (कॉन्वेंट) ■■■

SUBSCRIBE

संपादकीय

# काश हम सब कुछ सीख पाएं



बीते 15-16 फरवरी को श्रीनगर गढ़वाल में आयोजित किया गया किताब-कौतिक का आयोजन भले ही हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि के कुछेक छात्र नेताओं तथा आरएसएस के कुछ सदस्यों की हेकड़ी के चलते श्रीनगर गढ़वाल में आयोजित नहीं हो पाया, लेकिन अब गैरसैंण में चल रहा आयोजन सुखद आभास देता है। सुखद इस बाबत कि इसके लिए ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण नगर पंचायत के अध्यक्ष मोहन सिंह भंडारी ने दूरदृष्टि का परिचय देकर आयोजित कराया है।

गैरसैंण नगर पंचायत तथा क्रिएटिव उत्तराखंड के समन्वित प्रयासों से यह आयोजन किया जा रहा है। 31 मार्च से 4 मार्च तक विभिन्न प्रकार की कार्यशालाओं का आयोजन किया गया है। जिसमें स्थानीय बच्चों ने खूब बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया है, जो नगर पंचायत अध्यक्ष मोहन भंडारी के प्रयासों की सुखद परिणिति है।

किसी भी समाज में चेतना का प्रसार पुस्तकों की राह से होकर गुजरता है। निसंदेह जिन लोगों ने श्रीनगर गढ़वाल जैसे स्थान, जिसे शिक्षा की केंद्र स्थली कहा जाता है, में किताब-कौतिक जैसा आयोजन नहीं होने दिया, वे ज्ञान के दुष्मन ही हैं, लेकिन एक बार फिर यह बात आती है कि स्थानीय लोग इसके विरोध में सामने क्यों नहीं आए।

बीते वर्ष इन्हीं दिनों अंकिता भंडारी के माता-पिता अपनी बेटी के न्याय के लिए पीपलचौरी चौराहे में बैठकर आंदोलनरत थे। इन्हें भी स्थानीय जन समर्थन ना के बराबर मिला। इस वर्ष एलयूसीसी कंपनी के द्वारा ठगी का शिकार हुई दर्जनों महिलाएं इसी स्थान पर बैठक आंदोलन कर रही हैं। हर रोज अपनी समस्याएं सुनाती महिलाएं भावुक होकर रो पड़ती हैं। आखिर संवेदनशील समझा जाने वाला मानव इतना असंवेदनशील कैसे हो सकता है कि उसे गलत और सही का फर्क ही मालूम न होता हो।

बचपन में पहली कहानी पढ़ी थी- सामूहिकता में शक्ति होती है। उमेश डोभाल स्मृति समारोह में पहुंचे लोकगायक नरेंद्र सिंह नेगी ने यहां भी यही बात कही कि आज के समय में हमें मिल-जुलकर लड़ाई लड़ने की जरूरत है। गलत के प्रतिकार में आवाजें नहीं आ रही, कदम नहीं बढ़ रहे, हाथ से हाथ नहीं मिल रहे। इसीलिए अंकिता जैसे प्रकरण, एलयूसीसी जैसी ठगी और किताब-कौतिक जैसे आयोजनों के निरस्त हो जाने जैसी घटनाएं यहां घटित हो रही हैं।

यह भूलना नहीं चाहिए कि संयुक्त अस्पताल के लिए हुए प्रचंड आंदोलन की जीत के फलस्वरूप ही आज वहां आ रहे रोगी स्वास्थ्य लाभ ले पा रहे हैं। कर्मयोगी आज भी अपने-अपने स्तर पर आंदोलनरत हैं। श्रीनगर के पूर्व विधायक तथा बदरी-केदार मंदिर समिति के अध्यक्ष रहे गणेश गोदियाल मोबाइल फोन पर बच्चों के रमे रहने से भी अधिक विध्वंसकारी सभी आयु वर्गों के लोगों का मोबाइल पर टी-20 और आईपीएल मैचों में सट्टा लगाने की प्रवृत्ति से आहत हैं। वे अपने भाषणों में बार-बार इस दिशा में चिंता जता रहे हैं। फिर जनता इस वाजिब चिंता को क्यों नहीं समझ पा रही है। सट्टे का यह खेल निसंदेह कभी लोगों के भविष्य को ले डूबेगा। ■■■

# पूर्व पालिकाध्यक्ष मोहनलाल जैन ने उठाई जिले की मांग

ईशा लखेड़ा

श्रीनगर को जिला बनाने की मांग श्रीनगर के प्रबुद्ध एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने पुरजोर तरीके से की है। यहां आयोजित एक प्रेस वार्ता में पूर्व नगरपालिकाध्यक्ष मोहनलाल जैन ने यह बात कही।

उन्होंने कहा कि श्रीनगर को जिला बनाया जाना बेहद जरूरी है। इसलिए सरकार को चाहिए कि भौगोलिक दृष्टि से पौड़ी जिले को दो भागों में विभक्त कर श्रीनगर को जिला बना दिया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि पूर्व में अंग्रेजों के समय श्रीनगर गढ़वाल जिला रह चुका है। उन्होंने सरकार के समक्ष सुझाव रखा कि तहसील श्रीनगर, कीर्तिनगर और देवप्रयाग को मिलाकर श्रीनगर के नाम से नया जिला बनाने के लिए शीघ्र कार्रवाई करनी चाहिए।

वर्तमान में देवप्रयाग और कीर्तिनगर क्षेत्र के लोगों को किसी भी प्रशासनिक कार्य के लिए टिहरी जाना पड़ता है, जिससे उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। टिहरी की दूरी अधिक होने के कारण आम नागरिकों को सरकारी विभागों तक पहुंचने में कठिनाई होती है।



उन्होंने कहा कि श्रीनगर के आसपास चौरास, कीर्तिनगर, खिर्सू व देवप्रयाग आदि क्षेत्रों को शामिल कर श्रीनगर गढ़वाल जिला अस्तित्व में आ सकता है।

पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मोहन लाल जैन ने कहा कि श्रीनगर के जिला बन जाने से तीन तहसीलों, चार ब्लॉकों और एक नगर निगम का सर्वांगीण विकास होगा और रोजगार के साधन उपलब्ध होंगे। उन्होंने कहा कि तहसील एवं जिले के कार्यो के लिए आम नागरिकों को सुगम एवं सुलभ रूप से आवागमन की सुविधा के साथ ही सस्ता न्याय सुलभ होगा। उन्होंने कहा कि श्रीनगर जिला बनने से जिला न्यायालय स्थापित होगा तथा उच्च न्यायालय की बैंच तथा गढ़वाल विवि के श्रीनगर परिसर में एलएलबी की कक्षाएं भी शुरू हो सकती हैं।

इससे स्थानीय लोगों को न्यायिक मामलों में बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने विकास खण्ड खिर्सू को सब तहसील का दर्जा देने तथा कीर्तिनगर व चौरास को मिलाकर नगर पालिका बनाए जाने का सुझाव भी दिया। इस मौके पर व्यापार संघ अध्यक्ष श्रीनगर दिनेश असवाल, व्यापार संघ अध्यक्ष श्रीकोट नरेश नौटियाल, नगर क्षेत्र के प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता एवं ज्वैलर्स राजीव विश्नोई, इंप्लाइज यूनियन के पूर्व पदाधिकारी पीबी डोभाल तथा गुरूद्वारा कमेटी के प्रबंधक हरविंदर सिंह 'लक्की' भी मौजूद रहे। ■■■

# तुंगनाथ घाटी में सम्पन्न हुई महिलाओं की रामलीला

लक्ष्मण सिंह नेगी

तुंगनाथ घाटी के पर्यटन गांव व देवरिया ताल के आधार शिविर सारी के ओमकार दूधाधारी शिव नारायण मंदिर परिसर में महिला रामलीला मंचन का समापन भगवान श्री राम के राज्याभिषेक के साथ समपन्न हो गया। जिसे देखने को भारी संख्या में श्रद्धालुजन पहुंचे।

रामलीला समापन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि जैक्सवीन स्कूल गुप्तकाशी प्रबंधक व रंगकर्मी लखपत सिंह राणा, मोहन भट्ट व रूद्रप्रयाग से आए विशिष्ट अतिथि अजय आनंद नेगी पत्रकार, सुनील नौटियाल, हीरा सिंह कंडारी ने विधिवत उद्घाटन किया। लोक संस्कृति के संरक्षण का कार्य कर रही तुंगनाथ घाटी की लोकप्रिय जागर व मंगल गीत गायिका रामेश्वरी भट्ट एवं उनके पति मोहन भट्ट की पहल पर व ग्राम वासियों के सहयोग से श्री केदार बद्री मानव श्रम समिति की महिलाओं के द्वारा 11 दिवसीय दिव्य और भव्य रामलीला का आयोजन किया गया। राम की भूमिका में रामेश्वरी देवी भट्ट, लक्ष्मण प्रतिभा, सीता आरती गुसाई, भरत खुशी नेगी, शत्रुघ्न पुष्पा देवी, हनुमान रेखा जोशी उनियाल व गुरु वशिष्ठ विमोचन रावत की सराहनीय प्रस्तुतीकरण ने दर्शकों की खूब वाहवाही बटोरी। ■■■

# उत्कल दिवस: ओडिशा की विरासत और सांस्कृतिक चमक का जश्न

संघमित्रा सेना



हर साल एक अप्रैल को ओडिशा उत्कल दिवस या ओडिशा दिवस मनाता है, जो 1936 में राज्य के गठन का प्रतीक है। अपनी अलग पहचान पाने से पहले, ओडिशा बिहार और उड़ीसा प्रांत का हिस्सा था।

एक अलग राज्य की आवश्यकता इसलिए पैदा हुई क्योंकि ओडिया भाषी क्षेत्र कई प्रांतों में फैले हुए थे। मधुसूदन दास, उत्कलमणि गोपबंधु दास और महाराजा कृष्ण चंद्र गजपति जैसे दूरदर्शी लोगों के अथक प्रयासों के कारण, ओडिशा भारत का पहला ऐसा राज्य बना जो भाषाई आधार पर स्थापित हुआ।

उत्कल दिवस पूरे राज्य में बहुत गर्व और उत्सव का दिन है। इस दिन को उत्साह और खुशी के साथ मनाया जाता है, जिसमें कई तरह की सांस्कृतिक गतिविधियाँ होती हैं।

स्कूल और सार्वजनिक स्थान परेड, प्रतियोगिताओं और प्रदर्शनों से जीवंत हो उठते हैं जो ओडिशा की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करते हैं। संबलपुरी और घुमुरा जैसे पारंपरिक लोक नृत्य, शास्त्रीय ओडिसी नृत्य के साथ दर्शकों को आकर्षित करते हैं।

लोकगीत और संगीत उत्सव की रौनक को और बढ़ा देते हैं। गांवों और कस्बों में घरों को रोशन किया जाता है और रात के आसमान में आतिशबाजी की जाती है।

उत्सव के कार्यक्रमों के अलावा, ओडिशा के इतिहास, संस्कृति और विकास की प्रगति को उजागर करने के लिए सेमिनार और प्रदर्शनियाँ आयोजित की जाती हैं। यह दिन उन लोगों के अथक संघर्ष और समर्पण की याद दिलाता है जिन्होंने ओडिशा को लोकप्रिय बनाने और इसकी विशिष्ट पहचान को सुरक्षित करने के लिए संघर्ष किया।

यह चिंतन, राज्य के गौरवशाली अतीत का सम्मान करने और प्रगतिशील भविष्य के लिए प्रेरणा लेने का समय है। विरासत, कलात्मक उत्कृष्टता और प्राकृतिक वैभव की भूमि ओडिशा अपने पूर्वजों की परंपराओं को कायम रखते हुए आगे बढ़ रहा है।

उत्कल दिवस केवल एक उत्सव ही नहीं है, बल्कि समृद्ध और जीवंत भविष्य के लिए ओडिशा की प्रतिबद्धता की पुष्टि भी है। ■■■

# चौरास परिसर में होगा वार्षिकोत्सव

हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि का वार्षिकोत्सव समारोह इस वर्ष 21 से 24 अप्रैल तक चौरास परिसर में आयोजित किया जाएगा। बिड़ला परिसर में इस वर्ष हो रहे निर्माण कार्य के कारण ऐसा निर्णय लिया गया है।

गढ़वाल विवि के छात्र अधिष्ठाता कल्याण प्रो.एम.एस नेगी ने बताया कि आगामी 21-22 अप्रैल को गढ़वाल विवि के अंतर संकाय तथा 23-24 अप्रैल को अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा। 'एआई के बढ़ता प्रभाव, अवसर और चुनौतियां' विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता,

संगीत, नाटक व भाषण प्रतियोगिताओं के साथ अन्य शैक्षणिक व सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। ■■■

आपकी प्रतिक्रिया का हमें इंतजार है।
अपनी प्रतिक्रिया इस पते पर भेजें।
9412079290, 7037548484
regionalreporter81@gmail.com

श्री कम्यूनिकेशन के लिए गंगा असनोड़ा थपलियाल द्वारा 15 फालतू लाईन, समय साक्ष्य देहरादून से मुद्रित एवं 76, अपर बाजार श्रीनगर से प्रकाशित।
न्यायिक क्षेत्र : श्रीनगर गढ़वाल
संस्थापक संपादक : स्व. बी. शंकर
सलाहकार: वीरेन्द्र कुमार पैन्यूली
संपादक : गंगा असनोड़ा थपलियाल
विशेष प्रतिनिधि : उमा घिल्डियाल
स्टेट ब्यूरो : भारती जोशी
विशेष प्रतिनिधि (गैरसैण) : भैरव दत्त असनोड़ा

**कार्यालय : श्री कम्यूनिकोशन 76, अपर बाजार, श्रीनगर गढ़वाल-246174**
**आर.एन.आई.न.-**
UPHIN/1999/863

## म्यांमार–थाईलैंड में भूकंप से भारी तबाही

**स्टेट ब्यूरो**



दक्षिण-पूर्व एशिया में बीते 28 मार्च को आए तेज भूकंप के झटकों से जमकर तबाही हुई। म्यांमार के मंडाले के पास भूकंप का केंद्र था। भूकंप के झटकों से थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में भी ऊंची इमारतें हिलती नजर आई, तो निर्माणाधीन गगनचुंबी इमारत से निकले गुबार का वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ तथा अखबारों व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में प्रकाशित-प्रसारित हुआ। इस इमारत में बड़ी संख्या में कामगार हताहत हो गए, जो हजारों की संख्या में थे।

म्यांमार और थाईलैंड, दोनों जगह आपातकाल की घोषणा की गई है। रिक्टर स्केल पर 7.2 तीव्रता (11:50 बजे) तथा दूसरा झटका 7 तीव्रता का (12:2 बजे) महसूस किया गया। 55 मिनट बाद तीसरा झटका 5 तीव्रता का चौथा भूकंप एक बजकर सात मिनट पर 4.9 तीव्रता का रहा। इसी दिन भारत के मेघालय में भी एक बजकर तीन मिनट पर 4 तीव्रता का भूकंप महसूस किया गया। ■■■

## बच्चों और शिक्षकों ने किया प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग

**अरुण मिश्रा** **चमोली जनपद के 85 शिक्षक व विद्यार्थी शामिल**



जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान चमोली (गौचर) के सभागार में दो दिवसीय संगीत शिक्षक छात्र सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सम्मान समारोह में जनपद के 85 शिक्षक एवं छात्रों ने प्रतिभाग किया।

लोकगीत बालक वर्ग प्रतियोगिता में मोनिका (राजकीय इंटर कॉलेज चौनधार प्रथम, अर्जुन (राजकीय इंटर कॉलेज आली) द्वितीय, अंबिका (राजीव नवोदय विद्यालय गैरसैंण) ने तृतीय स्थान, जूनियर वर्ग में गर्विता (राजकीय इंटर कॉलेज तलवाड़ी) प्रथम, हिमांशु (राजकीय प्राथमिक विद्यालय शैल) द्वितीय, महादेव (राजकीय प्राथमिक विद्यालय शैल) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लोकनृत्य में बबीता (राजकीय इंटर कॉलेज कांडई) प्रथम, राजेश मिश्रा (राजकीय प्राथमिक विद्यालय चौंडली) द्वितीय, धर्मेंद्र सिंह (जीआईसी तलवाड़ी) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

शास्त्रीय गायन अध्यापक वर्ग में मुरली मनोहर उप्रेती (राजकीय इंटर कॉलेज ल्वाणी) प्रथम, सुशील राज (राजकीय प्राथमिक विद्यालय शैल) द्वितीय, कुंदन कोहली (राजकीय इंटर कॉलेज लंगसी) ने तृतीय स्थान, लोकगीत अध्यापक वर्ग में सुशील राज प्रथम, रेखा पटवाल (राजकीय कन्या इण्टर कॉलेज पोखरी) द्वितीय, पुष्पा कनवासी (राजकीय कन्या इण्टर कॉलेज नारायणबगड़) और नंदकिशोर मिश्रा (राजकीय प्राथमिक विद्यालय हरनी) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इस मौके पर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान चमोली के प्राचार्य आकाश सारस्वत ने कला तथा संगीत को अभिरूचियों में शामिल करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का समन्वय भगत सिंह कंडवाल व सुबोध कुमार डिमरी ने किया। राजकीय महाविद्यालय गोपेश्वर के प्रो.राजदीप लखेड़ा, डा.पवित्रा टम्टा और मनोज हटवाल निर्णायक की भूमिका में रहे। ■■■

## उदीयमान खिलाड़ी छात्रवृत्ति के ट्रायल शुरू

**रीजनल रिपोर्टर ब्यूरो**

मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत राज्य के 08 से 14 वर्ष तक के उत्कृष्ट खिलाड़ी विद्यार्थियों को प्रोत्साहन स्वरूप छात्रवृत्ति प्रदान किए जाने के उद्देश्य से चयन ट्रायल शुरू हो गए हैं।

विभिन्न जिलों में जिलाधिकारियों ने इस संदर्भ में संदर्भित जिले के जिला क्रीड़ा अधिकारियों के साथ बैठक कर विशेष दिशा-निर्देश दिए। वित्तीय वर्ष 2025-26 में छह आयु वर्गों के लिए एक जनपद से 300 विद्यार्थियों, जिनमें 150 बालक तथा 150 बालिकाएं शामिल होंगे, का चयन मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी छात्रवृत्ति योजना के तहत किया जाएगा। इसमें चयनित विद्यार्थियों को 1500 रूपए प्रतिमाह छात्रवृत्ति दी जाएगी। ■■■

## चारधाम यात्रा 2025: स्वास्थ्य विभाग ने जारी की हेल्थ एडवाइजरी

**स्टेट ब्यूरो**



उत्तराखंड में आगामी 30 अप्रैल को गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट खुलने के साथ ही चारधाम यात्रा का शुभारंभ हो जाएगा।

स्वास्थ्य विभाग ने इस वर्ष यात्रियों की सुविधा के लिए 104 नंबर जारी किया है साथ ही 12 भाषाओं में स्वास्थ्य संबंधी निर्देश जारी कर विभिन्न राज्यों के स्वास्थ्य सचिवों से वार्ता की है। स्वास्थ्य सचिव डा.आर.राजेश कुमार ने बताया कि सभी राज्यों के स्वास्थ्य सचिवों को पत्र के माध्यम से आग्रह किया है कि यात्रा से पूर्व स्वास्थ्य जांच, सतर्कता और चिकित्सकीय तैयारियों पर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए।

स्वास्थ्य सचिव ने जानकारी देते हुए बताया कि चारधाम यात्रा के दौरान तीर्थयात्रियों की ब्लड प्रेशर, शुगर, ऑक्सीजन लेवल सहित 28 पैरामीटर की जांच के लिए स्क्रीनिंग प्वाइंट बनाए गए हैं। ये सभी प्वाइंट रजिस्ट्रेशन प्वाइंट के साथ जोड़े गए हैं। यात्रा मार्ग पर मेडिकल रिलीफ प्वाइंट होंगे, जिनमें डॉक्टरों के साथ प्रशिक्षित मेडिकल स्टाफ व स्वास्थ्य मित्र होंगे। स्वास्थ्य जांच के लिए एटीएम लगेंगे। टेलीमेडिसिन सेवा के तहत 24 घंटे डॉक्टर्स से परामर्श की सेवा उपलब्ध होगी।

चढ़ाई वाले यात्रा मार्गों विशेषकर केदारनाथ के लिए स्वास्थ्य सुविधाएं बढ़ाई गई हैं। इस मार्ग पर 10 मेडिकल रिलीफ पोस्ट और दो पीएचसी सेंटर स्थापित किए गए हैं। गुप्तकाशी, फाटा, गौरीकुंड और नारायणकोटी में हेल्थ एटीएम लगाए जाएंगे, जहां यात्रियों की फ्री हेल्थ स्क्रीनिंग की जाएगी ■■■

## सांख्यिकी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो.ओके बेलवाल सेवानिवृत्त

**रीजनल रिपोर्टर ब्यूरो**



हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि के सांख्यिकी विभाग के विभागाध्यक्ष रहे प्रो. ओके बेलवाल 38 वर्षो के शैक्षणिक तथा प्रशासनिक योगदान के बाद 31 मार्च को सेवानिवृत्त हो गए हैं। इस अवसर पर उन्होंने अपनी नवीनतम पुस्तक 'बायो स्टेटिस्टिक्स' का विमोचन किया, जो चिकित्सा क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए सांख्यिकी को समझने का महत्त्वपूर्ण माध्यम बनेगी।

अक्टूबर 1987 में सहायक आचार्य के रूप में विवि की जिम्मेदारी लेने के बाद उन्होंने एनएसएस की और अपनी निष्ठा, ज्ञान और समर्पण से आचार्य के पद तक पहुंचे। अपने करियर में उन्होंने शैक्षणिक और प्रशासनिक पदों की जिम्मेदारी भी निभाई। इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिवार, शोधार्थियों और छात्रों ने उनके प्रति सम्मान व्यक्त किया। ■■■

उनके मार्गदर्शन में शोध कार्य करने वाले 12 शोध विद्यार्थियों ने 60 से अधिक शोधपत्र राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर प्रस्तुत किए तथा पांच पुस्तकों का लेखन किया। राष्ट्रीय सेवा योजना में समन्वयक के पद पर उन्होंने विद्यार्थियों के नैतिक विकास के लिए बहुत कार्य किया।

## बीकेटीसी के मुख्य कार्याधिकारी

**रीजनल रिपोर्टर ब्यूरो**

विजय प्रसाद थपलियाल ने श्री केदारनाथ धाम के शीतकालीन गद्दीस्थल श्री ओंकारेश्वर मंदिर में यात्रा संबंधी तैयारियों का जायजा लिया।

आगामी 2 मई से खुल रहे केदारनाथ के कपाट के बाद शुरू हो रही यात्रा की तैयारियों के तहत उन्होंने मंदिर समिति के अंतर्गत शामिल सभी विश्राम गृहों तथा कार्यालयों का निरीक्षण किया। उन्होंने यात्रा पूर्व तैयारियों हेतु रूपरेखा का आंकलन किया तथा अधिकारियों को निर्देशित किया। कपाट खुलने से ठीक पहले ये व्यवस्थाएं जितनी भी दुरूस्त हो पाएंगी, लेकिन यात्रा शुभ हो।

बता दें कि इस दिशा-निर्देश कार्यक्रम में सहायक अभियंता गिरीश देवली, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी डीएस भुजवाण, केदारनाथ धाम प्रभारी अधिकारी यदुवीर पुष्पवान, धर्माचार्य औंकार शुक्ला, वेदपाठी स्वयंबर सेमवाल, यशोधर मैठाणी, आशाराम नौटियाल पुजारी शिवशंकर लिंग, बागेश लिंग प्रशासनिक अधिकारी रमेश नेगी, प्रबंधक प्रदीप सेमवाल, जूनियर इंजीनियर विपिन कुमार सहित अनेक अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। ■■■

## आनंद वर्धन बने उत्तराखंड के मुख्य सचिव

**स्टेट ब्यूरो**

उत्तराखंड के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी आनंद वर्धन को उत्तराखंड का नया मुख्य




सचिव नियुक्त किया गया है। वर्तमान सचिव राधा रतूड़ी का सेवा विस्तार 31 मार्च को समाप्त हो गया। आनंद वर्धन उत्तराखंड के सबसे वरिष्ठ (1992 बैच के) आईएएस हैं तथा वे इस राज्य के 19वें मुख्य सचिव होंगे। 2027 में उनका कार्यकाल समाप्त हो जाएगा। ■■■

## आरओ/एआरओ परीक्षा 2023 का रिजल्ट निरस्त

**स्टेट ब्यूरो**

उत्तराखंड लोक सेवा आयोग ने समीक्षा अधिकारी/ सहायक समीक्षा अधिकारी परीक्षा- 2023



उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग
हरिद्वार

संख्या : – 02/23/RO-ARO 2023/G-1/2025-26 दिनांक: 02 अप्रैल, 2025

विज्ञप्ति
समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी परीक्षा–2023

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि आयोग द्वारा समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी परीक्षा–2023 का अंतिम चयन परिणाम सं0–74/23/RO-ARO 2023/G-1/2024-25, दिनांक: 28 मार्च, 2025 को घोषित किया गया था। उक्त चयन परिणाम घोषित होने के उपरान्त, चयन परिणाम में तकनीकी त्रुटि संज्ञान में आने के कारण मा0 आयोग द्वारा सम्यक विचारोपरान्त चयन परिणाम सं0–74/23/RO-ARO 2023/G-1/2024-25, दिनांक: 28 मार्च, 2025 को निरस्त कर दिया गया है। आयोग द्वारा संशोधित चयन परिणाम शीघ्र घोषित किया जाएगा।

-Sd-
(गिरधारी सिंह रावत)
सचिव

का रिजल्ट निरस्त कर दिया हैं। आयोग ने 28 मार्च को इस भर्ती परीक्षा का रिजल्ट घोषित किया था।

आयोग की ओर से जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि रिजल्ट में कुछ तकनीकि त्रुटि के कारण रिजल्ट निरस्त किया गया है। आयोग द्वारा शीघ्र की संशोधित रिजल्ट घोषित किया जाएगा। ■■■

## श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति विश्राम गृह

कारगी चौक देहरादून, चंद्रभागा एवं चेला चेतराम ऋषिकेश, पौड़ी, टिहरी, देवप्रयाग, श्रीनगर, रूद्रप्रयाग, गुप्तकाशी, सोनप्रयाग, चमोली, नंदप्रयाग, पीपलकोटी, जोशीमठ, बदरीनाथ धाम।

### कार्यालय

- केनाल रोड देहरादून
- श्री नृसिंह मंदिर जोशीमठ
- श्री ओंकारेश्वर मंदिर
- उखीमठ

SHEMFORD Futuristic School
Srinagar Garhwal

ADMISSION OPEN FOR 2025

Grade Nursery To 12th (registration also open for grade 11th)

More Information
9568450335
srinagar@shemford.com

Scan for the admission form



OUR FEATURES
- Engaging teaching methods
- Uniquely mapped curriculum
- Life-Skill based programme
- Personality and thinking skills development module



Affiliated To CBSE, New Delhi To Senior Secondary Level, A Unit Of Shemford And Shemrock Group Of Schools, New Delhi



श्री नारायण महिला पी.जी.

आवासीय सुविधाएं:

1. पूरी तरह से सुसज्जित नए कमरे।
2. घर जैसी भोजन व्यवस्था
3. ब्रेकफास्ट, लंच, डिनर व 2 चाय
4. सी.सी.टी.वी. सुरक्षा/ डायनिंग हॉल
5. आर.ओ. का शुद्ध पानी
6. संलग्न बाथरूम
8. 24 घण्टे गर्म पानी
9. व्यक्तिगत आलमारी
10. कक्ष कीपिंग

Mob: 7455089290, 9412079290

पता: 76 अपर बाजार, शंकर निवास, श्रीनगर गढ़वाल





Since 1989
9997110112

हनी स्कूल ड्रैस

A Great Place To Shop For



गोला बाजार श्रीनगर गढ़वाल, उत्तराखण्ड

हमारे यहाँ सभी स्कूल व कॉलेजों की ड्रैस तथा M.B.B.S. और पैरामेडिकल की पूर्ण ड्रैस उपलब्ध है एवं हमारे यहाँ स्कूल सूट भी बनाए जाते हैं।